# प्रश्न–पत्र की योजना 2025–2026

कक्षा – 12th
विषय – हिन्दी अनिवार्य
अवधि – 3 घंटे 15 मिनिट — पूर्णांक– 80

1. उद्देश्य हेतु अंकभार–

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 22 | 27.5 |
| 2. | अवबोध | 25 | 31.25 |
| 3. | ज्ञानोपयोग | 23 | 28.75 |
| 4. | कौशल | 7 | 8.75 |
| 5. | विश्लेषण | 3 | 3.75 |
| | योग | 80 | 100 |

2. प्रश्नों के प्रकार अनुसार अंकभार–

| क्र.सं. | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रतिप्रश्न | कुल अंक | प्रतिशत (अंको का) | प्रतिशत (प्रश्नों का) | संभावित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बहुविकल्पात्मक | 18 | 1 | 18 | 22.5 | 35.29 | 20 |
| 2. | रिक्तस्थान | 06 | 1 | 06 | 7.5 | 11.77 | 10 |
| 3. | अतिलघुत्तरात्मक | 12 | 1 | 12 | 15 | 23.53 | 40 |
| 4. | लघुत्तरात्मक | 7 | 2 | 14 | 17.5 | 13.73 | 35 |
| 5. | दीर्घउत्तरीय | 04 | 3 | 12 | 15 | 7.84 | 42 |
| 6. | निबंधात्मक | 04 | 5(2)4(2) | 18 | 22.5 | 7.84 | 48 |
| | योग | 51 | | 80 | 100 | 100 | 195 मिनट |

विकल्प योजना : खण्ड 'स' एवं 'द' में हैं

3. विषय वस्तु का अंकभार–

| क्र.सं. | विषय वस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | अपठित गद्य | 6 | 7.5 |
| 2 | अपठित पद्य | 6 | 7.5 |
| 3 | निबंध लेखन | 5 | 6.25 |
| 4 | पत्र व प्रारूप लेखन | 5 | 6.25 |
| 5 | अभिव्यक्ति और माध्यम | 8 | 10 |
| 6 | व्यावहारिक व्याकरण | 8 | 10 |
| 7 | आरोह भाग–2 गद्य | 17 | 21.25 |
| 8 | आरोह भाग–2 पद्य | 14 | 17.50 |
| 9 | वितान भाग– 2 | 11 | 13.75 |
| | योग | 80 | 100 |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

BSER

# प्रश्न–पत्र ब्ल्यूप्रिन्ट 2025–2026

कक्षाः –12th    विषय :– हिन्दी अनिवार्य    समयः– 3 घंटे 15 मिनिट    पूर्णांक :– 80

| क्र.सं. | उद्देश्य इकाई / उप इकाई | ज्ञान | | | | | | अवबोध | | | | | | ज्ञानोपयोग | | | | | | कौशल | | | | | | विश्लेषण | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | बहुविकल्पात्मक | रिक्तस्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | |
| 1 | अपठित गद्य | | | | | | | 1(3) | | 1(3) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 6(6) |
| 2 | अपठित पद्य | | | | | | | 1(3) | | 1(3) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 6(6) |
| 3 | निबंध लेखन | | | | | | 1(-) * | | | | | | | | | | | | 3(1) * | | | | | | 1(-) * | | | | | | | 5(1) |
| 4 | पत्र व प्रारूप लेखन | | | | | | 1(-) * | | | | | | | | | | | | 3(1) * | | | | | | 1(-) * | | | | | | | 5(1) |
| 5 | अभिव्यक्ति और माध्यम | 1(2) | | | | | | | | | 2(2) | | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | | | | 8(5) |
| 6 | व्यावहारिक व्याकरण | 1(2) | 1(6) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 8(8) |
| 7 | आरोह भाग–2 गद्य | 1(3) | | | | | 1(-) * | | | 1(2) | | 3(1) | | | | | 2(1) | | 2(1) * | | | | | 3(1) * | 1(-) * | | | | | | | 17(9) |
| 8 | आरोह भाग–2 पद्य | 1(3) | | | | | 1(-) * | | | 1(2) | | | | | | | 2(1) | 3(1) * | 2(1) * | | | | | | 1(-) * | | | | | | | 14(8) |
| 9 | वितान भाग– 2 | 1(2) | | | | | | | | 1(2) | | | | | | | 2(2) | | | | | | | | | | | | | 3(1)* | | 11(7) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | योग | 12(12) | 6(6) | | | | 4(-) | 6(6) | | 12(12) | 4(2) | 3(1) | | | | | 10(5) | 3(1) | 10(4) | | | | | 3(1) | 4(-) | | | | | 3(1) | | 80(51) |
| | सर्वयोग | 22(18) | | | | | | 25(21) | | | | | | 23(10) | | | | | | 7(1) | | | | | | 3(1) | | | | | | |

विकल्पों की योजना :– खण्ड 'स' एवं 'द' में प्रत्येक में एक आंतरिक विकल्प है नोटः–कोष्ठक के बाहर की संख्या 'अंकों' की तथा अंदर की संख्या 'प्रश्नों' के द्योतक है।

विशेष :– उक्त ब्ल्यू प्रिन्ट मॉडल प्रश्न पत्र का है जो प्रश्नों के प्रकारों को समझने की सुविधा मात्र के लिए है। मूल प्रश्न पत्र का ब्ल्यू प्रिन्ट भिन्न हो सकता है।

BSER

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025–2026

**Senior Secondary Examination, 2025-2026**

नमूना प्रश्न–पत्र

**Model Paper**

विषय – हिन्दी अनिवार्य

**Sub : Hindi Compulsory**

कक्षा – 12वीं

**Class : 12th**

समय : 03 घण्टे 15 मिनट — पूर्णांक : 80

## परीक्षार्थी के लिए सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
6. प्रश्न क्रमांक खण्ड स तथा खंड द में 13 से 20 में आन्तरिक विकल्प है

खण्ड – अ

Section - A

1) **निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए –**

i) जब घटना के दृश्य मिल जाते है तब उन दृश्यो के आधार पर लिखी खबर एंकर पढ़ता है उसे कहते है – (1)

अ) लाइव ब) एंकर बाइट

स) एंकर विजुअल द) एंकर पैकेज

ii) भारत में पहला छापाखाना गोवा में खुला– (1)

अ) 1555 ईस्वी में ब) 1556 ईस्वी में

स) 1557 ईस्वी में द) 1558 ईस्वी में

iii) निम्न में से राजस्थानी की बोली नही है– (1)

अ) मेवाड़ी ब) मारवाड़ी

स) मेवाती द) मगही

iv) हिंदी व्याकरण को मोटे तौर पर कितने वर्गो में विभाजित किया गया है ? (1)

अ) तीन ब) चार

स) पाँच द) एक

v) महादेवी वर्मा को निम्न संग्रह के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया – (1)

अ) दीप शिखा ब) संकल्पिता

स) स्मृति की रेखाएं द) यामा

vi) उपभोक्तावाद और बाजारवाद पर गहरी वैचारिक चर्चा किस अध्याय में की गई है ? (1)

अ) भक्तिन ब) बाजार दर्शन

स) काले मेघा पानी दे द) शिरीष के फूल

vii) शिरीष के फूल निबंध मे देह बल के ऊपर आत्मबल का महत्त्व सिद्ध करने वाली किस इतिहास विभूति का उल्लेख हुआ ? (1)

अ) सुभाष जी ब) नेहरू जी

स) गांधी जी द) तिलक जी

viii) 'रामदास' नामक कविता आधुनिक हिंदी कविता की महत्त्वपूर्ण रचना मानी जाती है, जिसके रचनाकार है– (1)

अ) रघुवीर सहाय ब) आलोक धन्वा

स) हरिवंश राय बच्चन द) उमाशंकर जोशी

BSER

ix) उषा कविता में प्रातः नभ को किसके समान नीला बताया है ? (1)

अ) समुद्र    ब) जलकुंभी

स) मयूर    द) शंख

x) खेत में पैदा होने वाला अन्न कुछ समय बाद समाप्त हो जाता है, किन्तु साहित्य का रस कालजयी व अनन्त है। यह भावना किस कविता मे फलीभूत होती है ? (1)

अ) बगुलो के पंख    ब) छोटा मेरा खेत

स) पतंग    द) रूबाइयाँ

xi) अतीत में दबे पाँव किस विधा की रचना है ? (1)

अ) कहानी    ब) निबंध

स) यात्रावृत    द) साक्षात्कार

xii) 'आधुनिकता की ओर बढ़ता हमारा समाज एक ओर नई उपलब्धियों को समेटे हुए है तो दूसरी ओर मनुष्य को मनुष्य बनाए रखने वाले जीवन मूल्य घिसते चले जा रहे है।' पंक्ति किस रचना का अंश है ? (1)

अ) जूझ    ब) अतीत मे दबे पाँव

स) सिल्वर वेडिंग    द) इनमे से कोई नही

2) **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः—**

i) जब किसी शब्द के मुख्यार्थ मे बाधा हो या अभीष्ठ अर्थ का बोध न हो तथा लक्षण के आधार पर अर्थ प्रकट होता है वहाँ...................... शब्द शक्ति होती है। (1)

ii) 'संध्या हो गई।' वाक्य मे...................... शब्द शक्ति है। (1)

iii) ''चारू चंद्र की चंचल किरणे, खेल रही थी जल, थल में।'' पंक्ति मे ........................ अलंकार है। (1)

iv) यमक अलंकार मे शब्दो की ...................होती है। (1)

v) ENCLOSURE शब्द के लिए हिंदी परिभाषिक शब्द ................. है। (1)

vi) कार्यवृत के लिए सही अंग्रेजी परिभाषिक शब्द.................. है। (1)

BSER

3) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

बचपन की स्मृतियों मे एक विचित्र सा आकर्षण होता है। कभी–कभी लगता है, जैसे सपने में सब देखा होगा । परिस्थितियाँ बहुत बदल जाती है। अपने परिवार मे मैं कई पीढ़ियो के बाद उत्पन्न हुई। मेरे परिवार मे प्रायःदो सौ वर्ष तक कोई लड़की थी ही नही। सुना है उसके पहले लड़कियों को पैदा होते ही परमधाम भेज देते थे। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा पूजा की। हमारी कुल देवी दुर्गा थी । मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई मुझे वह नही सहना पड़ा जो अन्य लड़कियो को सहना पड़ता है। परिवार मे बाबा फारसी और उर्दू जानते थे। पिता ने अंग्रेजी पढ़ी थी। हिंदी का कोई वातावरण नही था।

i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है– (1)

अ) जीवन ब) बचपन

स) परिवार द) शिक्षा

ii) निम्न मे से लेखिका की कुल देवी थी– (1)

अ) दुर्गा ब) काली

स) पार्वती द) महामाया

iii) लेखिका के पिता ने किस भाषा मे अध्ययन किया था ? (1)

अ) फारसी ब) उर्दू

स) अंग्रेजी द) अरबी

iv) लेखिका के बाबा ने दुर्गा पूजा क्यो की थी ? (1)

v) बचपन मे लेखिका के परिवार का शैक्षिक वातावरण अच्छा था। कैसे ? (1)

vi) बचपन की स्मृतियो का क्या असर रहता है ? (1)

4) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए –

रोमांचित सी लगती वसुधा
आई जौ, गेहूँ मे बाली
अरहर सनई की सोने सी,
किंकिणियाँ है शोभावाली।
उड़ती भीनी तैलाक्त गंध
फूली सरसो पीली पीली,
लो हरित धरा से झांक रही
नीलम की कलि, तीसी नीली।

i) निम्न मे से वसुधा शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है– (1)

अ) प्रकृति ब) धरती

स) हरियाली द) उषा

BSER

ii) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है– (1)

अ) ग्राम जीवन ब) नगर जीवन

स) वन जीवन द) नव जीवन

iii) अरहर व सनई की फलियो को किसके समान बताया है– (1)

अ) पाजेब ब) किंकिणी

स) हार द) शीश फूल

iv) हरित धरा से कौन झांक रहा है ? और क्यो ? (1)

v) 'फूली सरसो पीली पीली।' पंक्ति का भाव लिखिए। (1)

vi) वसुधा कैसे रोमांचित हो रही है ? (1)

5) **निम्नलिखित अतिलघुत्तरात्मक प्रश्नो के उत्तर 20 शब्दो मे लिखिए–**

i) पहलवान की ढोलक पाठ मे अकस्मात गाँव मे क्या वज्रपात हुआ ? (1)

ii) अनामदास का पोथा उपन्यास के उपन्यासकार का नाम लिखिए। (1)

iii) खुद को हिंदी और उर्दू का दोआब मानने वाले कवि की दो काव्य रचनाओ के नाम लिखिए। (1)

iv) 'कैमरे मे बंद अपाहिज' कविता रघुवीय सहाय के किस संग्रह से ली गई है ? (1)

v) "आप लोगो की देखादेखी सेक्शन की घड़ी भी सुस्त हो गई है।" सिल्वर वैडिंग अध्याय मे यह कथन किसका था ? (1)

vi) अतीत मे दबे पॉव पाठ के आधार पर बताइये कि मुअनजोदड़ो पर तीन खंडो का एक विशद प्रबंध किसमे छापवाया था ? (1)

## खण्ड – ब
## Section - B

निम्नलिखित लघुत्तरात्मक प्रश्नो के उत्तर 40 शब्दो मे दीजिए–

6) मुद्रित माध्यमो मे लेखन के लिए किन–किन बातो को ध्यान मे रखना चाहिए ? लिखिए। (2)

7) विशेष लेखन की भाषा और शैली की चार विशेषताए लिखिए। (2)

8) रेडियो नाटक के लिए कहानी का चुनाव करते समय कौन–कौन सी सावधानियाँ रखनी होती है ? (2)

9) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत क्यो कहा है ? क्या आप लेखक के मत से सहमत है ? (2)

10) पतंग कविता मे प्रयुक्त दो बिंबो को उदारण सहित स्पष्ट कीजिए। (2)

11) 'यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने मे किशनदा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।' आपके जीवन को दिशा देने मे किसका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा और कैसे ? लिखिए। (2)

12) जूझ आत्मकथनात्मक उपन्यास के नायक को पुनः पाठशाला जाने मे किन लोगो ने प्रयास किया और कैसे ? (2)

BSER

## खण्ड – स

**Section - C**

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में दीजिए–

13) ''भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा, क्योकिं उसमे दुर्गुणो का अभाव नही।'' पंक्ति पर अपने विचार तर्क सहित प्रस्तुत कीजिए। (3)

**अथवा / OR**

पर्चेजिंग पावर क्या है ? यह बाजार को किस प्रकार सार्थकता दे सकती है ? अपने विचार लिखिए।

14) '' दिन जल्दी–जल्दी ढलता है'' कविता की मूल संवेदना समझाइए। (3)

**अथवा / OR**

''रूबाइयाँ'' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

15) ''जूझ'' शीर्षक के औचित्य पर विचार करते हुए कथा नायक की चारित्रिक विशेषताओ का विश्लेषण कीजिए। (3)

**अथवा / OR**

''सिंधु सभ्यता की खूबी उसका सौदंर्य बोध है जो राज पोषित न होकर समाज न होकर समाज पोषित था।'' इसके आधार पर सिंधु सभ्यता की विशेषतओ का विश्लेषण कीजिए।

16) तुलसीदास का कवि परिचय लिखिए। (3)

**अथवा / OR**

फणीश्वरनाथ रेणु का लेखक परिचय लिखिए।

## खण्ड – द

**Section – D**

17) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– (4)

कविता एक खिलना है फूलो के बहाने
कविता का खिलना भला फूल क्या जाने।
बाहर भीतर इस घर उस घर
बिना महकने के माने फूल क्या जाने ?
कविता एक खेल है बच्चो के बहाने
बाहर भीतर यह घर, वह घर
सब घर एक कर देने के माने
बच्चा ही जाने।

BSER

अथवा / **OR**

अट्टालिक नही है रे आतंक भवन
सदा पंक मे ही होता जल विप्लव–प्लावन,
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से सदा छलकता नीर,
रोग–शोक मे भी हँसता है शैशव का सुकुमार शरीर।
रूद्ध कोष है, क्षुब्ध तोष
अंगना अंग से लिपटे भी
आतंक अंक पर काँप रहे है।

18) **निम्नलिखित गद्यांश की सप्रंसग व्याख्या कीजिए।** (4)

**इन बातो को आज पचास से ज्यादा बरस होने को आए पर ज्यों की त्यों मन पर दर्ज है। कभी–कभी कैसे–कैसे संदर्भो मे ये बाते मन को कचोट जाती है, हम आज देश के लिए करते क्या है ? मांगे हर क्षेत्र में बड़ी–बड़ी हैं पर त्याग का कहीं नाम निशान नही हैं। अपना स्वार्थ आज एक मात्र लक्ष्य रह गया है।**

अथवा / **OR**

इसी प्रकार स्वतंत्रता पर भी क्या कोई आपत्ति हो सकती है ? गमनागमन की स्वाधीनता, जीवन तथा शारीरिक सुरक्षा की स्वाधीनता के अर्थो में शायद ही कोई 'स्वतंत्रता' का विरोध करे। इसी प्रकार संपति का अधिकार, जीविकोपार्जन के लिए आवश्यक औजार व सामग्री रखने के अधिकार जिससे शरीर के स्वस्थ रखा जा सके, के अर्थ में भी स्वतंत्रता पर कोई आपत्ति नही हो सकती।

19) शासन सचिव शासन सचिवालय राजस्थान सरकार चिकित्सा विभाग की ओर से पल्स पोलियो अभियान हेतु निर्धारित प्रारूप में ज्ञापन लिखिए। (5)

अथवा / **OR**

उपशासन सचिव उद्योग विभाग राजस्थान सरकार जयपुर की ओर से राजस्थान में हैंडलूम के कारखाने खुलवाने हेतु निर्धारित प्रारूप मे अधिसूचना लिखिए।

20) निम्नलिखित विषयो में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए। (5)

1) मातृभाषा और उसका महत्त्व
2) टैरिफवार का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर प्रभाव
3) वृक्षारोपण महाअभियान
4) कृत्रिम बुद्धिमता का वर्तमान स्वरूप

BSER